**September 5, 2019**

**CURRENT AFFAIRS**

**Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE - STUDY MASTER)**

## Quick Revision September 4, 2019

**प्रश्न 1. इसरो के वैज्ञानिकों ने हाल ही में किस स्पेस मिशन के ऑर्बिटर से लैंडर 'विक्रम' को सफलतापूर्वक अलग कर दिया है?**
**ख-चंद्रयान .2**

**प्रश्न 2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसकी तरफ से स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है?**
**उत्तर: ग बिल मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन .**

**प्रश्न 3. हाल ही में किसने पूरे देश में 'इलेक्टर वेरिफिकेशन प्रोग्राम' (EVP) लॉन्च किया है?**
**उत्तर: ग निर्वाचन आयोग .**

**प्रश्न 4. निम्न में से किस कंपनी ने अपना एंड्रॉयड बेस्ट स्मार्ट सेट टॉप बॉक्स और स्टिक लांच की है?**
**उत्तर: ख भारती एयरटेल .**

**प्रश्न 5. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीयअमेरिकी वकील शिरीन मैथ्यूज को किस - पदके लिए नामित किया है?**
**उत्तर: ग संघीय न्यायाधीश .**

**प्रश्न 6. बिन्नी बंसल ने फ्लिपकार्ट के अपने 1 लाख 2 हजार 355 शेयर किस कंपनी को बेच दिए है?**
**उत्तर: ग इन्वेस्टमेंट फर्म टाइगर ग्लोबल .**

**प्रश्न 7. 74 टी-20 मैच में 99 विकेट लेकर कौन टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बन गया है?**
**उत्तर: ग लसिथ मलिंगा .**

**प्रश्न 8. भारतीय क्रिकेट टीम का कौन सा गेंदबाज 46 टेस्ट में 156 विकेट लेकर एशिया के बाहर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला भारतीय टीम का तेज गेंदबाज बन गया है?**
**उत्तर: ग इशांत शर्मा .**

**प्रश्न 9. वर्ल्ड चैलेंज इवेंट की कितने मीटर रेस में जिनसन जॉनसन ने सिल्वर मेडल जीतकर वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया है?**
**उत्तर: ग .1500 मीटर**

**प्रश्न 10. भारतीय वायुसेना ने हाल ही में किस देश के अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर अपने बेड़े में शामिल करने की घोषणा की है?**
**उत्तर: घ अमेरिका .**

### Question of the Day (4.9.2019)

### First Metro Train in India....???

The **Kolkata** Metro was the first metro railway in India, opening for commercial services from 1984

STUDY MASTER

## Today's Current Affairs

प्रश्न 1. जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी की गयी देश के स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थानों की रैंकिंग में किसे पहला स्थान मिला है?
क. ताजमहल
ख. माता वैष्णो देवी
ग. जंतर-मंतर
घ. लाल किला

उत्तर: ख. माता वैष्णो देवी

प्रश्न 2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम और 20वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के

लिए किस देश की यात्रा पर गए है?
क. जापान
ख. ऑस्ट्रेलिया
ग. इजरायल
घ. रूस

उत्तर: घ. रूस – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम और दोनों देशों के बीच के 20वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2 दिन की रूस की यात्रा पर गए है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लेने के लिए देश की यात्रा पर गए है.

प्रश्न 3. निम्न में से किस देश ने देश के दक्षिण पूर्व में शिविरों में रह रहे 10 लाख रोहिंग्या शरणार्थियों की मोबाइल सेवाएं बदं करने का आदेश दिया है?
क. जापान
ख. चीन
ग. बांग्लादेश
घ. ऑस्ट्रेलिया

उत्तर: ग. बांग्लादेश

प्रश्न 4. हाल ही में किसने आईडीबीआई बैंक के री-कैपिटलाइजेशन को मंजूरी दे दी है?
क. भारतीय स्टेट बैंक
ख. बैंक ऑफ़ बड़ोदा
ग. केंद्रीय मंत्रिमंडल
घ. यस बैंक

उत्तर: ग. केंद्रीय मंत्रिमंडल – हाल ही में आईडीबीआई बैंक के री-कैपिटलाइजेशन के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है. और सरकार ने आईडीबीआई बैंक को 9,300 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है. आईडीबीआई बैंक के री-कैपिटलाइजेशन के लिए सरकार 4,557 करोड़ रुपये और एलआईसी 4,743 करोड़ रुपये निवेश करेगी.

प्रश्न 5. निम्न में से किसने मोबाइल वॉलेट के केवाई को पूरा करने के लिए फोन पे, पेटीएम और अमेजन पे सहित सभी वॉलेट्स को 29 फरवरी, 2020 तक का समय दिया है?
क. सुप्रीमकोर्ट
ख. केंद्र सरकार

STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

ग. निति आयोग
घ. भारतीय रिजर्व बैंक

उत्तर: घ. भारतीय रिजर्व बैंक

प्रश्न 6. भारतीय महिला क्रिकेट टीम के किस खिलाडी ने हाल ही में टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने की घोषणा की है?
क. झूलन गोश्वामी
ख. मिताली राज
ग. प्रीति शर्मा
घ. सुमन वर्मा

उत्तर: ख. मिताली राज – भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाडी मिताली राज ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने की घोषणा की है. वे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला खिलाडी है. उन्होंने टी-20 में भारत की ओर से 89 मैच में सबसे ज्यादा 2364 रन बनाए हैं.

प्रश्न 7. ब्राजील में हुए शूटिंग वर्ल्ड में मिक्स्ड टीम के कितने मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत के मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने गोल्ड मेडल जीता है?
क. 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट
ख. 20 मीटर एयर पिस्टल इवेंट
ग. 30 मीटर एयर पिस्टल इवेंट
घ. 50 मीटर एयर पिस्टल इवेंट

उत्तर: क. 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट – ब्राजील में हुए शूटिंग वर्ल्ड में मिक्स्ड टीम 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत के मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने गोल्ड मेडल जीता है. साथ ही इसी इवेंट में यशस्विनी सिंह देसवाल और अभिषेक वर्मा ने सिल्वर मेडल जीता है.

प्रश्न 8. ब्राजील के इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन के 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम में निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और दीपक कुमार ने कौन सा मेडल जीता है?
क. गोल्ड मेडल
ख. सिल्वर मेडल
ग. ब्रोंज मेडल
घ. गोल्ड और सिल्वर दोनों

उत्तर: क. गोल्ड मेडल – ब्राजील के इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन के 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड

टीम में निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और दीपक कुमार ने गोल्ड मेडल जीता है. उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम में चीन की जोड़ी यांग कियान और यू हाओनान को 16-6 के अंतर से हरा दिया है.

प्रश्न 9. निम्न में से किस क्रिकेट टीम के कप्तान व अनुभवी बल्लेबाज हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है?
क. आयरलैंड क्रिकेट टीम
ख. अमेरिका क्रिकेट टीम
ग. जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम
घ. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

उत्तर: ग. जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम – हाल ही में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम पर आईसीसी ने बैन लगाने के बाद जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के कप्तान व अनुभवी बल्लेबाज हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है. वे जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के लिए 18 वर्ष से खेल रहे थे.

प्रश्न 10. आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप में कौन सी टीम 100 से ज्यादा अंक हासिल करने वाली पहली क्रिकेट टीम बन गयी है?
क. पकिस्तान टीम
ख. वेस्टइंडीज टीम
ग. ऑस्ट्रेलिया टीम
घ. भारतीय टीम

STUDY MASTER

उत्तर: घ. भारतीय टीम – भारतीय टीम हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई 2 की सीरीज को 2-0 से जीत कर आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप में 100 से ज्यादा अंक हासिल करने वाली पहली क्रिकेट टीम बन गयी है. भारतीय टीम के 120 अंक हो गये है.

**Important one liner.....-------**

**1. भारतीय वायुसेना में शामिल किये गये अपाचे हेलिकॉप्टर किस कंपनी द्वारा निर्मित किये गये हैं?**
उत्तर – बोइंग
भारतीय वायुसेना में अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित आठ अपाचे हेलिकॉप्टर शामिल किये गये। इसके लिए पठानकोट एयरबेस में एक समारोह का आयोजन किया गया, इस समारोह में एयर चीफ मार्शल बी.एस. धनोआ मुख्य अतिथि थे।

यह हेलिकॉप्टर विश्व का सबसे घातक अटैक हेलिकॉप्टर माना जाता है। अपाचे हेलिकॉप्टर Mi-35 हेलिकॉप्टर का स्थान लेंगे, यह हेलिकॉप्टर को भारत के पश्चिमी क्षेत्र में तैनात किया जायेंगे।

**2. भारत का पहला गार्बेज कैफ़े किस शहर में खोला जायेगा?**

उत्तर – अंबिकापुर

भारत के पहला गार्बेज कैफ़े छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर में खोला जायेगा, यह अंबिकापुर म्युनिसिपल कारपोरेशन की पहल है। इसका उद्देश्य अंबिकापुर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना है।

भारत का पहला 'गार्बेज कैफ़े'

यह एक विशेष प्रकार का कैफ़े होगा। इस कैफ़े में निर्धन तथा कचरे का काम करने वाले लोगों को एक किलोग्राम प्लास्टिक के बदले मुफ्त में भोजन दिया जायेगा। आधा किलोग्राम प्लास्टिक के बदले उन्हें नाश्ता दिया जायेगा। इस कैफ़े में जमा किये गये प्लास्टिक को सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर में बेचा जायेगा। इस प्लास्टिक को बाद में प्रोसेस किया जायेगा और इसका इस्तेमाल शहर में सड़कों के निर्माण के लिए किया जायेगा।

अंबिकापुर तथा कचरा प्रबंधन

अंबिकापुर छत्तीसगढ़ का पहला डस्टबिन मुक्त शहर है, यह ठोस कचरा प्रबंधन में काफी कार्यकुशल है। स्वच्छता रैंकिंग में इंदौर के बाद यह दूसरा सबसे स्वच्छ शहर है। अंबिकापुर में प्रोसेस किये गये प्लास्टिक तथा एस्फाल्ट से सड़क का निर्माण किया गया है। प्लास्टिक और एस्फाल्ट से बड़ी सड़क काफी लम्बे समय तक ठीक रहती है क्योंकि पानी इसके अन्दर प्रवेश नहीं कर पाता।

**3. हाल ही में सुर्ख़ियों में रहा 'गर्वी गुजरात' भवन किस शहर में स्थित है?**

उत्तर – नई दिल्ली

STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

**4. किस शहर में 'नुआखाई' नामक उत्सव मनाया गया?**

उत्तर – ओडिशा

हाल ही में ओडिशा में 'नुआखाई' नामक कृषि उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस उत्सव को नई फसल के स्वागत के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी, राज्यपाल गणेशी लाल तथा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने लोगों को शुभकामनाएँ दी।

**5. हाल ही में किस कार 300 मील प्रति घंटे के रिकॉर्ड को तोड़ा?**

उत्तर – बुगाटी शिरॉन

• बुगाटी शिरॉन का निर्माण फ्रांसिसी कार कंपनी बुगाटी द्वारा किया गया है।
• बुगाटी शिरॉन में W-16 इंजन का उपयोग किया जाता है, इसमें 16 सिलिंडर उपयोग किये जाते हैं।
• बुगाटी शिरॉन की कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये है।
• यह 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ़्तार मात्र 2.5 सेकंड में पकड़ सकती है।

**6. विश्व संसाधान संस्थान का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है?**

उत्तर – वाशिंगटन

हाल ही में विश्व संसाधन संस्थान ने 'Reducing Food Loss and Waste' नामक रिपोर्ट जारी की, यह रिपोर्ट रॉकफेलर फाउंडेशन के सहयोग से तैयार की गयी है।

**7. विश्व स्वास्थ्य संगठन-दक्षिण पूर्व एशिया का अध्यक्ष कौन है?**

उत्तर – हर्षवर्धन

डॉ. हर्षवर्धन ने हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन- दक्षिण पूर्व एशिया के 72वें सत्र का उद्घाटन नई दिल्ली में किया। डॉ. हर्षवर्धन को 72वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है। भारत दूसरी बार क्षेत्रीय समिति की बैठक का आयोजन कर रहा है।

**8. खादी व ग्रामोद्योग आयोग ने किस शहर में प्रथम 'टेराकोटा ग्राइंडर' लांच किया?**

उत्तर – वाराणसी

खादी व ग्रामोद्योग आयोग ने वाराणसी के सेवापुरी में 'टेराकोटा ग्राइंडर' को लांच किया है। इस मशीन का उपयोग टूटी हुई मिट्टी की वस्तुओं को पीसकर पुनः उपयोग के लिए काबिल बनाने के लिए किया जायेगा।

**9. किस भारतीय को बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया जायेगा?**

उत्तर – नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिल एंड मेलिंडा फाउंडेशन द्वारा 'स्वच्छ भारत' अभियान के लिए सम्मानित किया जायेगा, उन्हें यह सम्मान सितम्बर के अंत में उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान प्रदान किया जायेगा।

बिल एंड मेलिंडा फाउंडेशन

यह एक निजी फाउंडेशन है, इसकी स्थापना बिल गेट्स तथा उनकी पत्नी मेलिंडा गेट्स द्वारा की गयी थी। इसकी स्थापना वर्ष 2000 में की गयी थी, यह सीएटल में स्थित है।

**10. चौथे दक्षिण एशियाई स्पीकर समिट का आयोजन किस शहर में किया गया?**

उत्तर – माले

चौथे दक्षिण एशियाई स्पीकर समिट का आयोजन मालदीव की राजधानी माले में किया गया, इस शिखर सम्मेलन में सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा की गयी। इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व लोकसभा स्पीकर ओम बिरला तथा राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश नारायणसिंह ने किया।

**QUESTION OF THE DAY-**

**WHO…???**

**Visit Daily: [www.studymasterofficial.com](http://www.studymasterofficial.com) (YOUTUBE - STUDY MASTER)**

**LIKE, SHARE & SUBSCRIBE ……………………..!!!**

**THANKYOU**

STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING